श्री कृष्ण चन्द्र पंत : मैंने यह तो नहीं कहा है कि वहां जमीन नीची है। मैंने तो यह कहा था कि बलरामपुर के पास राप्ती नदी पर एक बांध बनाने का सुझाव था जिस की वजह से सहजनवां तक राप्ती नदी में पानी की कमी होगी और उस से कूलिंग-वाटर की आवश्यकता पूरी नहीं होगी, इस लिए थरमल पावर स्टेशन वहां नहीं बनाया जा सकता। यह रिपोर्ट यू० पी० गवर्नमेंन्ट ने अपने कन्सलटेंट के अध्ययन के आधार पर भेजी है।

जहां तक अन्य बात का सम्बन्ध है---उस की सूचना हम उत्तर प्रदेश सरकार को भेज देंगे ताकि वे अपना निर्णय लेते वक्त उस पर विचार कर लें।

श्री मधु लिमये : बिजली के अभाव के कारण गोरखपुर इलाके में जो रेलवे का वर्कशाप है उर्वरक का कारखाना है, चीनी के कारखाने हैं, क्या उन के उत्पादन पर कोई असर पड़ा है, यदि पड़ा है तो नया बिजली केन्द्र तैयार होने तक बिजली की सप्लाई करने के बारे में सरकार क्या कर रही है ?

अध्यक्ष महोदय : यह तो एक खास बिजली घर के बारे में है, आप अपने सवाल में उस से आगे कहां चले गये ?

श्री मधु लिमये : यह सवाल बिजली केन्द्र से सम्बन्ध रखता है।

श्री सरजू पांडे : गोरखपुर जनपद में 400 मेगावाट का बिजली घर बनाने का प्रस्ताव सरकार के पास है .....

अध्यक्ष महोदय : इस में जनपद कहां से आ गया।

श्री सरजू पांडे : यह इस में लिखा हुआ है। मैं पूछना चाहता हूं कि बिजली की कमी को देखते हुए पांचवीं पंच वर्षीय योजना में सरकार उत्तर प्रदेश में बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए कहां कहां बिजली घर बनाने जा रही है ?

अध्यक्ष महोदय : यह सवाल यहां नहीं उठता। आप इस के लिए अलग से सवाल दीजिए।

श्री सरजू पांडे : सारा गोरखपुर बन्द है---इसी लिए मैं यह सवाल पूछ रहा था।

Payment of construction and generation allowance to project engineers of Badarpur Thermal Station

+

*608. SHRI R. S. PANDEY:
SHRI RAM PRAKASH:

Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased state:

(a) whether project engineers of Badarpur Thermal Power Station are paid construction and generation allowances as are paid to their counterparts in other power projects; and

(b) if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) It has been decided to pay a "Special Construction Allowance for Badarpur" to the technical staff employed on construction and a Generation Allowance' to the technical staff employed on operation and maintenance of the Badarpur thermal Power Station.

(b) Does not arise.

श्री राम सहाय पांडे : मेरा ख्याल है मैंने जो यह प्रश्न पूछा है उसके बाद ही यह निर्णय लिया गया है। निर्णय ले लिया, अच्छा किया और पेमेन्ट करने का निर्णय आपने ठीक लिया। मैं जानना चाहता हूं क्या बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन से बिजली उत्पादन की जितनी अपेक्षा की गई थी वह अपेक्षा पूरी नहीं हुई और क्या यह सही नहीं है कि सरकार और इंजीनियर तथा इंजीनियर और कर्मचारियों के बीच में रिफ्ट है जिसके कारण उत्पादन में कमी हुई ? यदि कमी हुई है तो इस सम्बन्ध में आप क्या करने जा रहे हैं ?

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : जहां तक बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन का सवाल है, वहां पर इंजीनियरों की वजह से उत्पादन में कमी नहीं हुई है बल्कि जब कोई भी थर्मल पावर स्टेशन चालू किया जाता है तो उसमें 3-4 महीने का समय लगता है स्टैब्लाईज करने में और इस लिहाज से वहां के जो इंजीनियर या दूसरे कर्मचारी हैं उन्होंने इसमें काफी सहयोग दिया है तथा उत्तरी भारत में जो बिजली की कमी है उसमें इसके चालू होने से तथा अच्छी तरह से जेनरेशन होने से काफी मदद मिली है।

श्री राम सहाय पांडे : मैंने जो वहां के इंजीनियर्स और मैनेजमेन्ट के बीच में रिफ्ट के सम्बन्ध में सवाल किया था उस पर यदि कुछ प्रकाश डालें तो अच्छा होगा।

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : बदरपुर में किसी रिफ्ट का सवाल पैदा नहीं हुआ है।

श्री राम प्रकाश : बदरपुर के लिए आपने अच्छा फैसला किया है लेकिन क्या दूसरी स्टेट्स के लिए जिनमें पंजाब और हरियाणा शामिल हैं उनके इंजीनियर्स और टेक्निकल स्टाफ के लिए भी ऐसा फैसला किया है ?

श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : दूसरे राज्यों में इस सम्बन्ध में क्या फैसला करना है उस पर वहां की राज्य सरकारों को विचार करने का अधिकार है।

श्री राम प्रकाश : क्या पंजाब और हरयाणा के जो थर्मल पावर स्टेशन्स हैं उनका भी मामला आपके जेरे गौर है ?

अध्यक्ष महोदय : आपने एक प्रश्न कर लिया है। सेकेन्ड मेम्बर एक ही सवाल कर सकता है।

Offshore oil exploration by Oil India Limited in collaboration with a British Company

+

*610. SHRI G. Y. KRISHNAN:
SHRI ISHAQUE SAMBHALI:

Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) whether Oil India Limited, a joint venture of the Union Government and the Burmah Oil Company, have proposed to go in for offshore exploration for crude in collaboration with a British Company; and

(b) if so, the broad features thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI D. K. BOROOAH): (a) and (b). No such proposal is under consideration of the Government.